तापमान

अधिकतम 34 .3 डिग्री

न्यूनतम 26 .4 डिग्री

हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर, 2025



11 भगवान पार्श्वनाथ को रथ में किया विराजमान






12 विधायक व डीसी ने ली व्यापारियों की बैठक, मुख्य समस्याएं सुन दिए निर्देश







सोनीपत। खेतों में भरा बरसात का पानी व निकासी के लिए लगाएं मोटर पंप।

फोटो : हरिभूमि

## जुआं गांव में विधायक और मंत्री ने दी मोटरें

# खेतों में 70% फसल बर्बाद, पानी निकालने में जुटे ग्रामीण-प्रशासन

**गांव में अब भी दिख रहा बरसात की तबाही का मंजर खेतों से जल्द पानी निकासी होने पर ही किसान अपने खेतों में आगे गेहूं की फसल की बिजाई कर पाएंगे**

हरिभूमि न्यूज:सोनीपत

गोहाना क्षेत्र के जुआं गांव में लगातार हो रही भारी बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। गांव के खेतों में 5 से 6 फीट तक पानी भर गया, जिससे सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। अनुमान के अनुसार, गांव की लगभग 70 प्रतिशत फसलें पूरी तरह खराब हो चुकी है। बर्बाद हुई फसलों में मुख्य रूप से धान, ज्वार और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की फसलें शामिल है। किसानों का कहना है कि समय रहते पानी की निकासी न होने के कारण खेतों में खड़ी फसलें सड़ने लगी हैं। खेतों में लंबे समय तक पानी भरे रहने से जमीन भी खेती योग्य नहीं रह पाएगी। अगर जल्द पानी नहीं निकाला गया तो अगली फसल की बुवाई पर भी संकट मंडराने लगेगा, जिससे आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने खुद ही राहत कार्य शुरू किया। गांव के अलग-अलग स्थानों पर तीन मोटर और इंजन स्थापित कर पानी निकासी का कार्य किया जा रहा है, जिन्हें गोहाना से विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री डा. अरविंद शर्मा की ओर से उपलब्ध कराया गया है। इन मोटरों की मदद से ग्रामीण दिन-रात मेहनत कर पानी बाहर निकाल रहे हैं, ताकि खेतों को दोबारा बुवाई के लिए तैयार किया जा सके।



जमीन में घंसने से ढेडा हुआ खेत में बना कोठड़ा।

### किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार

ग्रामीण पवन, बिजेंद्र, सतीश, मुकेश, रामेहर, दीपक, अनुज, अरविंद, मदनपाल, बिल्लू समेत अन्य लोगों ने बताया कि इस समय गांव के किसान बर्बाद हुई फसल के कारण बेहद परेशान हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से तुरंत गिरदावरी कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नुकसान उनकी सालभर की मेहनत और आजीविका पर सीधा असर डाल रहा है, इसलिए इस पर त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं गांव के पूर्व सरपंच विनोद व जुआं-2 के सरपंच सुरेंद्र ने बताया कि पंचायत विभाग की ओर से भी कुछ पंप उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें चलाकर खेतों से पानी निकाला जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय पर पानी नहीं निकाला गया तो आगामी गेहूं की फसल की बुवाई पर भी संकट गहरा सकता है। सरपंचों ने बताया कि पानी की निकासी बेहद जरूरी है, क्योंकि जब तक खेतों से पानी नहीं निकलेगा, तब तक अगली फसल की बुवाई संभव नहीं होगी। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा प्रभावित किसानों को राहत प्रदान की जाए। साथ ही, उन्हें उनकी बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को संभाल सकें और आने वाले समय में फिर से खेती कर सकें।

## खबर संक्षेप

### खेत में जा रहे बुजुर्ग पर हमला

**गन्नौर।** लड़सौली गांव स्थित खेत में घूमने जा रहे बुजुर्ग पर गांव के ही दो युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। आरोपितों ने घायल को जान से मारने की धमकी भी दी और फरार हो गए। लड़सौली निवासी अतर सिंह ने बताया कि वह शनिवार सुबह वह अपने खेत में जा रहे थे। जब वह लड़सौली रेस्ट हाउस के पास सर्विस रोड पर पहुंचे, तो पीछे से बाइक पर आए गांव निवासी राजेश और दीपक ने लोहे की राड व लाठी से उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी व फरार हो गए।

### तुर्कपुर में खेत से सोलर प्लेट की तार चोरी

**खरखौदा।** तुर्कपुर गांव के एक खेत से चोरों ने सोलर प्लेट की तारें व आसमानी बिजली रोधक यंत्र चोरी कर लिया है। किसान सुमित ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में सोलर प्लेट व आसमानी बिजली रोधक यंत्र लगाया हुआ था। चोरों ने सोलर की तारें व आसमानी बिजली रोधक यंत्र को चोरी कर लिया है। सोलर प्लेट भी तोड़ी गई है।

## नाबालिग पर हमले का आरोपी भाई गिरफ्तार, चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

- 10 सितंबर की शाम वारदात के समय कपड़े धो रही थी बहन
- मां की शिकायत पर पुलिस ने बेटे के खिलाफ दर्ज किया था केस

मुरथल थाना पुलिस ने नाबालिग बहन पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में आरोपित भाई को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सूरज निवासी गांव मुरथल, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि 10 सितंबर की शाम करीब 7 बजे वह घर पर खाना बना रही थी और उसकी नाबालिग बेटी पास में कपड़े धो रही थी। उसी समय उसका बेटा सूरज घर आया और अपनी बहन को गालियां देने लगा। महिला ने जब गालियां देने से मना किया तो सूरज ने गुस्से में अपने पास छुपाए चाकू से अपनी नाबालिग बहन के सिर पर वार कर दिया। महिला ने उसे बचाने की कोशिश की तो सूरज ने उसे धक्का देकर मुक्के मारे और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर थाना मुरथल में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान उप निरीक्षक सुल्तान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित सूरज को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया। आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

## पार्षद को जान से मारने की धमकी



**खरखौदा।** ईंट भट्ठा ठेकेदार व वार्ड 7 के पार्षद अनूप दहिया को जान से मारने की धमकी मिली है। पार्षद ने अन्य पार्षदों के साथ मिलकर एक लिखित शिकायत पुलिस कमिश्नर को दी है।

उन्होंने बताया कि दो दिन पहले नगर निगम कमिश्नर नगरपालिका में आए थे, तो पार्षदों ने उनके समक्ष अवैध कब्जों की शिकायत की थी। एक अवैध कब्जाधारक को शिकायत बुरी लगी और उसने पार्षद को जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। रविवार को पार्षदों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर पार्षद नवीन दहिया, प्रमोद इंदौरा, जसवीर, रविंद्र, सीताराम मौजूद रहे।

## हर्ष मौत मामला : परिजनों का कुंडली बार्डर पर हंगामा, दो दिन पहले टोल पर मौत

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, सड़क पर विरोध प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर स्थित दिल्ली टोल प्लाजा पर दो दिन पहले हुई घटना में जन्मदिन मनाने आए युवक की मौत के बाद आज परिजनों ने कुंडली बॉर्डर पर जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान हर्ष, निवासी दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र के रूप में हुई है, जो दिल्ली बुराड़ी डिपो में कर्मचारी था। जानकारी के अनुसार, हर्ष अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने टोल प्लाजा क्षेत्र में आया था। इस दौरान टोल प्लाजा कर्मचारियों के साथ टैक्सी चालक का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर टैक्सी चालक हर्ष और उसके दोस्तों को बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। उसी दौरान हुई झड़प में हर्ष कथित गाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां उसके शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर भेजा दिया। रविवार को खानपुर पीजीआई से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। शव मिलते ही परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने और टोल प्लाजा कर्मचारियों को बचाने के आरोप लगाते हुए कुंडली बॉर्डर पर हंगामा किया।



सोनीपत। सड़क पर रोष प्रदर्शन के दौरान मौजूद पुलिस व परिजन व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो ।

फोटो : हरिभूमि

### सीसीटीवी फुटेज में मारपीट आई सामने

मौके पर पहुंची क्राइम ब्रांच और थाना पुलिस टीम ने समझाकर मामला शांत कराया। इस बीच हर्ष के साथ मारपीट की कुछ सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। थाना कुंडली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपितो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हर्ष के परिजन फिलहाल शव को लेकर दिल्ली स्थित जहांगीरपुरी के लिए रवाना हो गए। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## रेलवे स्टेशन पर धर्म परिवर्तन करवाने के आरोपों से बवाल, मची अफरा-तफरी

**सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी**

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

रविवार को रेलवे स्टेशन पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब कुछ महिलाओं पर दैनिक रेल यात्रियों ने धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश का आरोप लगाया। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया और स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने हंगामे के बीच जोरदार विरोध दर्ज कराया, जिससे प्लेटफॉर्म पर काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा।

सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। आरोपित महिलाओं को पुलिस ने समझाकर शांत किया। इसी बीच धर्म परिवर्तन की सूचना मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत तिहाड़ा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस मामले में जीआरपी थाना पुलिस को शिकायत दी। महिलाओं ने इस संदर्भ में लिखित शिकायत पुलिस को सौंपते हुए मांग की कि ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश में लगे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। उनका कहना था कि रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थान पर इस प्रकार की गतिविधियां धार्मिक सद्भावना के लिए गंभीर खतरा हैं और प्रशासन को इन्हें रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू की। आरोपित महिलाओं से पूछताछ करने के बाद दोनों पक्षों को शांत किया तथा फिर दोनों पक्षों को शांत कर वहां से भेज दिया।

### महिलाओं पर ये आरोप

शिकायत में कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि रेलवे स्टेशन पर एक गिरोह सक्रिय है, जो खासतौर पर हिंदू यात्रियों को निशाना बनाता है। महिलाएं पहले उनसे सामान्य बातचीत शुरू करती हैं और धीरे-धीरे ईसाई धर्म की बढ़ाई करने लगती हैं। आरोप है कि वे हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करती हैं और दो-तीन मुलाकातों के बाद यात्रियों को बाइबल भेंट कर प्रलोभन देती हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यात्रियों को लालच देकर और झूठे प्रलोभन दिखाकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है।

### दोनों पक्षों को सुना

दोनों पक्षों को बुलाया था, दोनों के बयान लिए गए हैं। जिन महिलाओं पर आरोप लगाया गया है उन्होंने स्पष्ट किया है कि उन्होंने धर्म परिवर्तन को लेकर कोई दबाव नहीं बनाया था।

**अजय पंडित, एएसआई, जीआरपी, सोनीपत।**

## नियमों का उल्लंघन, अधर में लटके चुनाव

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

विगत 11 सितंबर को एजुकेशन सोसाइटी खरखौदा के प्रधान का चुनाव होना था। लेकिन 10 सितंबर की शाम को अमित पाराशर ने चुनावी प्रक्रिया को नियमों के विरुद्ध बताते हुए एक शिकायत जिला फर्म एवं समिति रजिस्ट्रार सोनीपत को दर्ज करवा दी। जिसके चलते चुनाव में स्थगनादेश आ गया। जितने बिंदुओं पर शिकायत की गई है, उन सभी की सूची संबंधित आर ओ को भेजते हुए उनका जवाब देने के लिए कहा गया है। तब तक इस चुनाव पर स्टे बरकरार रखने के निर्देश जारी हुए हैं। उल्लेखनीय है कि एजुकेशन सोसाइटी खरखौदा वर्षों पुरानी संस्था है और कन्या महाविद्यालय को संचालित कर रही थी। हाल ही में क्षेत्र के लोगों की मांग पर कन्या महाविद्यालय को सरकारी कालेज का दर्जा मिल चुका है और आधा स्टाफ सरकारी हो चुका है। पूरे स्टाफ को सरकारी करने के लिए प्रयास किए जा हैं।

### जांच के बाद होता है निर्णय

फर्म एवं समिति पंजीकरण रजिस्ट्रार हितेंद्र कुमार ने बताया कि कोई भी शिकायत आती है, तो जांच कराई जाती है। जांच में नियम का उल्लंघन मिलने पर चुनाव नए सिरे से कराया जाएगा। अगर सब कुछ ठीक-ठाक मिला तो चुनाव को मंजूरी दे दी जाएगी। कॉलेज के सरकारी होने से प्रक्रिया में कोई बाधा न हो इसका भी ध्यान रखा जाना है। पूरे केस और आने वाली शिकायतों को ध्यान में रखते हुए इस बारे में निर्णय लिया जाएगा।

## रमन बड़ौक और विद्या भूषण हसीजा बने सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

शहर के मुख्य बाजार में रोहतक गेट निवासी रमन बड़ौक को सीएम विंडो गोहाना की एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया गया है। रमन बड़ौक ने ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाने का आश्वासन दिया।



रमन बड़ौक

नवनियुक्त एमिनेंट पर्सन रमन बड़ौक वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण बड़ौक की पत्नी हैं। अरुण बड़ौक भी जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य हैं। उनको पिछले दिनों तीसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष व जिला सोनीपत इकाई के उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अब राज्य सरकार द्वारा उनकी पत्नी रमन बड़ौक को सीएम विंडो की एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया गया है। रमन बड़ौक ने ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया। इस नियुक्ति को लेकर अरुण बड़ौक और उनकी पत्नी रमन बड़ौक ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सैनी, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का आभार व्यक्त किया।

### नेताओं का जताया आभार

**गन्नौर।** भाजपा नेता विद्या भूषण हसीजा को लगातार तीसरी बार सीएम विंडो गन्नौर का एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्त पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन बड़ौली, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, देवेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज का अभार जताया है।



विद्या भूषण हसीजा

## जिला पुलिस को आधुनिक हथियारों का दिया प्रशिक्षण

# पुलिस लाइन: आरएएफ के विशेषज्ञों ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

पुलिस लाइन, सोनीपत में विशेष हथियार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) अजीत सिंह (एचपीएस) ने किया। प्रशिक्षण सत्र प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में चला। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के प्रशिक्षित विशेषज्ञों ने पुलिस जवानों को आधुनिक हथियारों के संचालन, तकनीकी उपयोग और सुरक्षा संबंधी सभी बारीकियों की जानकारी दी। आरएएफ टीम ने जवानों को विभिन्न हथियारों के साथ व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया, जिससे उनकी कार्यकुशलता और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। सहायक पुलिस आयुक्त अजीत सिंह ने कहा कि, सोनीपत पुलिस के जवानों को आधुनिक समय की चुनौतियों के अनुरूप प्रशिक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। जिसके तहत सभी शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



### दक्षता बढ़ाते हैं प्रशिक्षक

ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल पुलिस बल की क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाते है। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों के उपयोग में दक्ष बनाना और उन्हें हर परिस्थिति में सक्षम बनाना है।



### पैदल गश्त से बढ़ता है जनता का विश्वास

**सोनीपत।** सुरक्षा का अनुभव केवल पुलिस की मौजूदगी से नहीं, बल्कि उनकी सक्रियता और जनता से सीधे संवाद से बढ़ता है। इसी विचार को साकार करते हुए सोनीपत पुलिस नियमित पैदल गश्त अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना, अपराधियों पर अंकुश लगाना और आमजन से सीधे संवाद स्थापित करना है। कुंडली में पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन प्रबीना पी. व सहायक पुलिस आयुक्त राई विपिन अहलावत ने पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त की।






## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।

# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज़ जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज़ शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खज़ाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें "सिकंदर साहिब" के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।



---

कविता | कृष्ण लाल गिरधर

### हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,य्हा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे य्हा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, य्हा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, य्हा म्हारी भगवान है।

---

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी

### गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छया, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औं' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दात्ता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ़' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी सै धन का।
हुनरबाज, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

धार्मिक नगरी | **वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था**

# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध



इतिहास | यशपाल गुलिया

प्र पाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।



झज्जर जिले के कस्बा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

> बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

---

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी


कलाकार | डॉ. तबस्सुम जहां



हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म 'कच्छे धारी' आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।

अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि 'मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।' गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म 'चंद्रावल' ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म 'पगड़ी' से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित 'दादा लखमी' ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।





### फिल्म 'दादा लख्मी' से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म 'दादा लख्मी' गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

## दशलक्षण धर्म एवं क्षमावाणी पर्व के अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर बड़ा बाजार में रथयात्रा महोत्सव मनाया

# भगवान पार्श्वनाथ को रथ में किया विराजमान, नगर भ्रमण करवाया

**रथ यात्रा का बाजारों में जगह जगह स्वागत हुआ**

*रथयात्रा महोत्सव में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को परंपरागत रथयात्रा महोत्सव की बधाई दी तथा समाज के लोगों से जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि क्षमा जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन ला सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दशलक्षण धर्म एवं क्षमावाणी पर्व के अवसर पर प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर बड़ा बाजार में रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान पार्श्वनाथ को रथ में विराजमान करके बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण करवाया गया। रथयात्रा महोत्सव में पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को परंपरागत रथयात्रा महोत्सव की बधाई दी तथा समाज के लोगों से जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि क्षमा का भाव हमारे जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन ला सकता है और हम शांत भाव से अपने पथ पर आगे बढ़ सकते हैं। पूर्व संध्या पर आर्ट ग्रुप निशांत भैय्या बिजनौर वालों द्वारा भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आधारित भव्य नाटिका प्रस्तुत की जिसमें राजीव जैन ने भगवान महावीर के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलन किया। रथ यात्रा से पूर्व उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज द्वारा जैन धर्म की प्रभावना एवं क्षमावाणी पर्व के महत्व पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जैन धर्म सबसे प्रमाणिक वैज्ञानिक धर्म है, जिस के सिद्धांतों पर चलने से कल्याण निश्चित है, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन आवश्यक है रथ यात्रा का बाजारों में जगह-जगह स्वागत हुआ और समापन पर सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शांता जैन, रमेश कुमार जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा प्रधान हेमंत भूषण जैन, महामंत्री मनीष जैन, अवनीश जैन, राजीव जैन, रजत जैन, अरिहंत जैन, अधिवक्ता सीमा जैन, मीनाक्षी, इना, सुमन, अंजलि जैन समेत अनेक जैन धर्मावलम्बी उपस्थित रहे।



सोनीपत। गुप्ति सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए मेयर राजीव जैन साथ में पूर्व मंत्री एवं अन्य।

### सुन्दरकांड पाठ में अशोक वाटिका वृतांत सुनाया



**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत की ओर से आनन्दपुर कुटिया, कुम्हार गेट में सुन्दरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्रीरामकथा का आयोजन किया गया। यह अनुष्ठान निखिल तनेजा द्वारा यतिन तनेजा एवं दीपू चांदना के उपलक्ष्य में रखा गया। संस्था के प्रमुख ओम प्रकाश अरोड़ा ने सुंदरकांड के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें अशोक वाटिका में हनुमान जी और सीता माता का संवाद आता है, जहां हनुमान जी श्रीराम की अंगूठी और संदेश देकर तथा वक्षस्थल चीरकर अपने हृदय में श्रीराम-सीता की छवि दिखाकर सीता माता का विश्वास जीतते हैं। सीता माता उन्हें आशीर्वाद देती हैं और श्रीराम का दूत स्वीकार करती हैं। कार्यक्रम में पवन सहगल, श्याम रहेजा, ओमप्रकाश संदूजा, दिनेश, सूरजकांत, मोती राम, मेहरचन्द, कमल, महेश पांडे, चन्द्रकांत, अश्विनी शर्मा, मुकेश, मनोज, अनूप, रमनकांत, महेश तनेजा, जतिन और जितेन्द्र सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आरती एवं भंडारे के साथ किया गया।

### प्रताप चंद भूटानी बने आर्य समाज मंदिर गन्नौर के प्रधान

**गन्नौर।** आर्य समाज मंदिर गन्नौर शहर की नवनिर्वाचित कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को हरिचंद स्नेही की देखरेख में सर्वसम्मति से हुआ। चुनाव में प्रताप चंद भूटानी को प्रधान तथा प्रीतम लाल आहूजा को महासचिव चुना गया। वहीं लछमन दास ठक्कर को उपप्रधान, उमेश भूटानी को उपमंत्री तथा कृष्ण ठुकराल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मनोहर लाल डुडेजा और शाम लाल डुडेजा को संरक्षक बनाया गया। सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद मनिंदर सिंह सन्नी, धर्मपाल, दिनेश पाहुजा, अमन मुखीजा और गौरव कुमार को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया।

### जीवन में श्रेष्ठ कर्म ही सुख का आधार : आचार्य वेदमित्र

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में रविवार को मासिक वैदिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मंत्रोच्चारण से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। समारोह की अध्यक्षता आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। मुख्य वक्ता रोहतक से वैदिक आचार्य वेदमित्र ने कहा कि इस सृष्टि के कुशल संचालन के लिए ईश्वर ने वेद ज्ञान प्रदान किया। वेदों में श्रेष्ठ कर्म को ही मानव जीवन में सुख का आधार बताया गया है। मनुष्य को सुख की प्राप्ति के लिए हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिएं। वैदिक आचार्य ने कहा कि मानव ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है। ऐसे में इस सृष्टि के रखरखाव की जिम्मेवारी भी मनुष्य की ही है। समारोह में भजनोपदेशक रामनिवास आर्य ने भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। समारोह में मास्टर अजीत आर्य, सत्यनारायण आर्य, एडवोकेट इंद्र सिंह भनवाला, मास्टर नसीब आर्य, राजदेव आर्य, कुलदीप आर्य, वीरेंद्र खासा, एडवोकेट अभिमन्यु भनवाला, अनिल सांगवान, सत्यवान आर्य, विजयपाल आर्य, अनिल सांगवान और मास्टर प्रेम सांगवान सहित अन्य श्रद्धालु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।


हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालते हुए श्रद्धालुगण।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद वक्ता एवं पदाधिकारीगण।

**सीपीडीआरएस का सम्मेलन 13 सदस्यीय कमेटी बनाई**

## लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता पर मंडराते खतरों पर गंभीर चिंता जताई

*» अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार, 19 मौलिक स्वतंत्रताएं, अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता करती है प्रदान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लोकतांत्रिक और जनवादी अधिकारों तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की रक्षा को लेकर सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स एंड सेक्युलरिज़्म (सीपीडीआरएस) का सम्मेलन सोनीपत बार एसोसिएशन के हाल में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता श्रद्धानंद सोलंकी ने की जबकि संचालन एडवोकेट सुरेंद्र सिंह ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्षता पर मंडराते खतरों पर गंभीर चिंता जताई। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट प्रवीण कुमार ने संविधान के अनुच्छेदों का उल्लेख करते हुए बताया कि अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार, अनुच्छेद 19 मौलिक स्वतंत्रताएँ, अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा अनुच्छेद 25 से 28 धार्मिक स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की गारंटी देते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के इक्नॉमिक्स प्रोफेसर दिबेंदु मईती ने कहा कि मौजूदा सरकार प्रगतिशील मूल्यों को खत्म कर समाज को पीछे धकेलने का प्रयास कर रही है। एडवोकेट राजेंद्र ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकार और धर्मनिरपेक्षता किसी की देन नहीं बल्कि लंबी कुर्बानियों से हासिल की गई धरोहर है, जिनकी रक्षा के बिना लोकतंत्र खोखला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए संगठित संघर्ष सबसे जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता प्राण शर्मा ने संगठन की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीपीडीआरएस की स्थापना वर्ष 1983 में आपातकाल के बाद जस्टिस कृष्ण अय्यर, जस्टिस राजेंद्र सच्चर, कुलदीप नैयर और शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की बहन बीबी अमर कौर जैसे दिग्गजों की पहल पर हुई थी। संगठन का उद्देश्य तब भी लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा था और आज भी वही ध्येय इसकी गतिविधियों का आधार है। सम्मेलन में रुस्तम अली, नरदेव सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### कविता पाठ में राखी प्रथम, खुशी द्वितीय

**गोहाना।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना हिंदी विभाग द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने कविताओं की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। प्रतियोगिता में छात्रा राखी ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय और अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्राध्यापिका प्रवीण देवी ने की। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य सतीश कुमार ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### प्लाट के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में प्लाट के नाम पर रुपये लेकर रजिस्ट्री न कराने और धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएम विंडो पर दर्ज कराई, जिसके आधार पर बड़ी थाना पुलिस ने आरोपित साहिल व उसकी पत्नी अनीशा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शकरपुर दिल्ली निवासी बिजेंद्र ने बताया कि आरोपित दंपती ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में 450 मीटर का प्लाट दिखाया। इसके बाद उसने 14 जून 2023 को साहिल को 5 लाख रुपये नकद और 10 लाख रुपये का चेक प्लाट के ब्याने के तौर पर दिया।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, एक काबू

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआइए-1) की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान राकेश निवासी गांव भट्गांव जिला सोनीपत के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### हमें अपनी राजभाषा का सम्मान करना चाहिए

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्रों में हिंदी के प्रति रुचि जागृत करना था। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा के साथ रीमा शर्मा एवं प्रधानाचार्या चंचल शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रों ने भाषण, नाटक, नारे, कविता, चौपाई आदि के माध्यम से हिंदी के महत्व को समझा और समझाया।

### आर्य समाज बोहर ने हिन्दी दिवस पर सत्याग्रहियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** जिला रोहतक के गांव बोहर आर्य समाज द्वारा रविवार को हिन्दी दिवस पर हरियाणा भर के लगभग 300 लोगों को सम्मानित किया। जिला सोनीपत से रोहट गांव से हिन्दी आंदोलन के सत्याग्रही पूर्व सरपंच स्व. चौधरी जयलाल के पौत्र कपिल देव तथा भैंसवाल से सत्याग्रही वेदप्रकाश मलिक को आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के पूर्व प्रधान आचार्य विजयपाल ने यह सम्मान पत्र दिया। बोहर के युवा आर्यसमाजी कृष्णदेव शास्त्री ने बताया कि ये सम्मान पत्र उन लोगों या उनके वारिसों को दिए गए हैं जिन्होंने सन 1957 में आर्य समाज के हिन्दी रक्षा आंदोलन में जेल काटी थी। सम्मान पत्र लेकर लौटे सोनीपत जिले से गए सत्याग्रही वेदप्रकाश मलिक और जयलाल के पौत्र कपिल देव ने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए आर्य समाज बोहर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशंसा एवं बधाई के पात्र हैं।



**सोनीपत।** रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में कपिल देव को सम्मानित करते हुए।


सोनीपत। शिविर के दौरान उपस्थित आईटीबीपी के जवान। फोटो : हरिभूमि

### सबोली में डाकघर ने लगाया विशेष डाक एवं बीमा जागरूकता शिविर

**सोनीपत।** डाकघर सोनीपत द्वारा आईटीबीपी कैंप सबोली में विशेष डाक एवं बीमा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सहायक अधीक्षक डाकघर सोनीपत उपमंडल ने की। इस अवसर पर सुमित गहलावत (डीओ–पीएलआई) एवं अमन नरवाल (परिमंडल सचिव, हरियाणा) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के वीर जवानों सहित आईटीबीपी के अधिकारी दंडपाल वीरेंद्र यादव व बड़ी संख्या में जवान मौजूद रहे। शिविर के दौरान जवानों को डाकघर की विभिन्न वित्तीय योजनाओं एवं डाक जीवन बीमा (पीएलआई) योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मौके पर ही डाकघर खाते खोलने और बीमा कराने की प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की गई। परिमंडल सचिव अमन नरवाल ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि डाकघर की वित्तीय एवं बीमा योजनाएं सुरक्षित निवेश और परिवार के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**हिंदी अध्यापन कौशल कार्यशाला**

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

ओमशांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथुपुर में शिक्षकों के लिए हिंदी अध्यापन कौशल को प्रभावी एवं मनोरंजनात्मक बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन मोनिका शर्मा और डॉ. सोनिया शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता, निदेशक योगराज भारद्वाज, प्रबंधक आदित्य भारद्वाज तथा रिसोर्स पर्सन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। रिसोर्स पर्सन ने शिक्षण में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण कौशल में दक्ष बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला के दौरान अध्यापकों को हिंदी भाषा के नवीन प्रयोग, सरल शिक्षण विधियों, भाषा की शुद्धता और उच्चारण पर मार्गदर्शन दिया गया। प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन शिक्षकों के ज्ञान और अनुभव को समृद्ध बनाते हैं। निदेशक योगराज भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि कार्यशाला अध्यापकों के आत्मविश्वास और शिक्षण कौशल को नई दिशा प्रदान करेगी।


राई। ओमशांति शिक्षा सदन विद्यालय नाथुपुर में शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित।

## दुनियाभर में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है हिंदी: स्वाति

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

हिंदी एक पूर्ण वैज्ञानिक भाषा है। बोलते समय इसके शब्दों का जैसा उच्चारण है यह वैसे ही लिखी जाती है। राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर ये विचार गांव बनवासा स्थित दि आर्यन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एमडी डॉ. स्वाति बांगड़ ने व्यक्त किए। वह विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की वैज्ञानिकता और देश के विकास में इसका महत्व समझा रही थीं।


एमडी डॉ. स्वाति बांगड़।

डॉ. स्वाति बांगड़ ने कहा कि हिंदी से व्यक्ति के मन के भावों की अभिव्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करती है। हिंदी भारत की पहचान है। यह हमारी संस्कृतिक, एकता और गौरव का प्रतीक है।

यह केवल संवाद का माध्यम नहीं अपितु भावनाओं, परम्पराओं और इतिहास को व्यक्त करने वाली एक शक्तिशाली भाषा है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है।

धर्म, परंपराओं और भाषा में इसकी विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। हिंदी भारत की प्रमुख भाषा है जो दुनियाभर में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह दुनियाभर के भारतीयों को भावनात्मक रूप से एक साथ जोड़ने का काम करती है। इसे बढ़ावा देना और संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है।

**सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर कविता स्पर्धा**

## भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, यह सोच, भावना और अस्तित्व का आधार


प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थी उप प्राचार्या रितिका गर्ग व अन्य शिक्षकों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव बिचपड़ी में सफीदों मार्ग स्थित सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर कविता कथन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय के प्राचार्य आशीष गोयल का रहा। अध्यक्षता उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने की। कविता कथन प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से जीसु, छवि, अनिकेत, कक्षा दूसरी से आशीष, सायरा और नीरू, कक्षा तीसरी से वाणी और छवि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा छठी से तनवी, कक्षा 7वीं से ख्वाहिश, कक्षा 8वीं से ओम, कक्षा 9वीं से खुशी और कक्षा 12वीं से सिमरन विजेता रहे। उप प्राचार्या रितिका गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा केवल संवाद का माध्यम ही नहीं है अपितु यह हमारी सोच, भावना और अस्तित्व का आधार है। हिंदी एक भाषा ही नहीं अपितु यह हमारे गौरवशाली इतिहास का अटूट हिस्सा भी है।


गन्नौर। हिंदी दिवस कार्यक्रम पर अपने विचार प्रस्तुत करती छात्रा।

### राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस कार्यक्रम में 32 छात्रों ने भाग लिया

**गन्नौर।** राजकीय महाविद्यालय गन्नौर में शनिवार को हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत हिंदी भाषा, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण और राष्ट्रभक्ति विषयों पर प्रतियोगिता हुई, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की साक्षी ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष के रामकुमार ने द्वितीय स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष की समीक्षा, मयंक और नेहा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्राध्यापिका डॉ. कीर्ति खत्री ने किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रवीना पवार, ज्योति दहिया और डा. अनुकृति ने निभाई। इस अवसर पर डा. मनोज सहित कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

**कैंप** मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा लिटल एंजल्स स्कूल में लगाया गया बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर

## जांच शिविर में 350 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

- शिविर का उद्घाटन विधायक निखिल मदान ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मानव सेवा ट्रस्ट, सोनीपत ने अध्यक्ष सुमीत अलख के नेतृत्व में लिटल एंजल्स स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग के जन्मदिवस पर निःशुल्क बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन विधायक निखिल मदान ने किया। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन और पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने भी शिरकत की। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं, जिसमें डॉ. कामनाशीष दास, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सुबेन कालड़ा, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. सीमा जैन, डॉ. ईशान सहगल, डॉ. सुषमा, डॉ. शिवानी और डॉ. गुरशरण प्रमुख रूप से शामिल रहे। शिविर में वीपी, शुगर, बोन मिनरल डेंसिटी, पीएफटी, ईसीजी, ऑडियोमेट्री, नेत्र परीक्षण, एचबी, कैल्शियम और कोलेस्ट्रॉल जैसी जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी दी गई। इस दौरान 350 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। आयुर्वेद और होम्योपैथी विभाग में विशेष रूप से उल्लेखनीय संख्या में लोग पहुंचे।

मंच पर प्रमुख रूप से सुमीत अलख, राकेश शर्मा, महेन्द्र पाल वशिष्ठ, आशा गोयल, गीता अरोड़ा, मोहनदर खुराना, नीरज अरोड़ा, भूपेश चांदना, संजय कोहली, राकेश मल्होत्रा, गौतम सचदेवा, राकेश वर्मा, हेमंत शर्मा, अरुण धमीजा, बी.एल. आहूजा, सुरेन्द्र मदान, राजू, आचार्य साक्षी भगत और पाला राम उपस्थित रहे। ट्रस्ट के यशपाल दुडेज़ा, नरेश कुमार नासा, राम प्रकाश हुड्डा, सुरेन्द्र मोहन शर्मा, संजय अरोड़ा, पवन शर्मा, विनय सोनी, विजय महाजन, सुनील मुसाफिर, एम.जी. रंजन, तरुण मुंजाल, अनिल ठक्कर, कृष्णपाल शर्मा और जुगल ज्योति ने स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं दीं।


**सोनीपत।** शिविर में पहुंचें विधायक निखिल मदान का स्वागत करते हुए सुमीत अलख एवं अन्य।

अस्पताल कर्मचारियों ने समय रहते दिखाई सक्रियता

# अस्पताल कर्मियों की तत्परता से बची जच्चा-बच्चा की जान, गेट पर ही शुरू हो गया प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



नागरिक अस्पताल में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गर्भवती महिला को अस्पताल के मुख्य द्वार पर ही अचानक तीव्र प्रसव वेदना शुरू हो गई। अस्पताल कर्मियों की तत्परता और समय पर की गई कार्रवाई के चलते जच्चा-बच्ची की जान बच गई। घटना की पूरे दिन अस्पताल परिसर में चर्चा होती रही।

मिली जानकारी के अनुसार, कालूपुर अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी में शिव विद्यापीठ के पास रहने वाला सुनील अपनी 22 वर्षीय गर्भवती पत्नी अंजली को सामान्य जांच के लिए बाइक पर बैठाकर सुबह अस्पताल लाया। जैसे ही वह अस्पताल के गेट पर पहुंचे, अंजली को अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और वह वहीं बैठ गई। यह देखकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए।

### अंजली ने स्वस्थ बच्ची को दिया जन्म

अस्पताल कर्मचारियों ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांपते हुए अंजली को व्हीलचेयर पर बैठाकर लेबर रूम में पहुंचाया। वहां पहले से मौजूद डॉ. गुरजीत कौर और डॉ. श्रुति ने तुरंत प्रसव प्रक्रिया शुरू की। चंद मिनटों के भीतर ही अंजली ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। डॉक्टरों ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

### गर्भवती न बरतें लापरवाही : सीएमओ

इस घटना के बाद सामान्य अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योत्सना ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला के शरीर में प्रसव के लक्षण प्रकट होते ही तुरंत कुशल चिकित्सक से संपर्क करें। इस तरह के मामलों में जरा सी भी लापरवाही गर्भवती और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

# शिक्षा संबंधित मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा

**हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान संजीव दहिया ने की। इसमें एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख मांगों में शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा, प्राचार्य वर्ग को क्लास "ए" का दर्जा, विभाग में रिक्त पदों की तुरंत पूर्ति, विद्यालयों में आधारभूत ढांचे और संसाधनों की उपलब्धता, प्रशासनिक कार्यभार को कम कर शैक्षणिक गतिविधियों पर अधिक ध्यान देने की सुविधा तथा एसीपी का लाभ शामिल रहा।



सोनीपत। बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर विभाग द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की जाती है तो राज्य स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। इस अवसर पर महासचिव अनिल गोयल, उप प्रधान वीरेंद्र दहिया, प्रेस सचिव अतुल खट्टर, पवन नैन, राम निवास, सत्येन्द्र दहिया, वीरेंद्र पाराशर, सुनील त्यागी, सुभाष मोर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में खनन माफिया का दबदबा : सौदा



**सोनीपत।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने मिट्टी कला बोर्ड में खनन पट्टों को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनन माफिया का दबदबा है और भ्रष्टाचार चरम पर है। सौदा ने आरोप लगाया कि जरूरतमंदों का हक छीनकर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन, डॉक्टर, प्रोफेसर, अध्यापक और जिला परिषद सदस्यों तक को खनन पट्टे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यमुना क्षेत्र में एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर मशीनों से अवैध खनन हो रहा है, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ रही है।

### दो दिवसीय प्रतिभा खोज समारोह 16 से शुरू

**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग पर गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज समारोह (अभ्युदय) आयोजित होगा। यह समारोह 16 और 17 सितम्बर को आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सैनी महाविद्यालय, रोहतक के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) भीम सिंह पंवार और विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रो. कपूर सिंह ढ़ाका होंगे। समारोह के संरक्षक मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार और संयोजक महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. सरिता मलिक होंगी।

## विधायक व उपायुक्त ने व्यापारिक संगठनों की ली बैठक, दिए निर्देश

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा : विधायक

*सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों का किया जाएगा आयोजन*

*शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सभी व्यापारिक संगठन दें प्रशासन का सहयोग : उपायुक्त सुशील*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने कहा कि जिला में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, पौधारोपण अभियान, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विधायक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सेवा भाव को बढ़ावा देना है, ताकि अधिक से अधिक लोग समाजहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों, समाजसेवी संगठनों एवं युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे इन कार्य्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाएं।




सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद विधायक, उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण।

### कब्जा हटा लें दुकानदार

*विधायक निखिल मदान व उपायुक्त सुशील सारवान ने रविवार को लघु सचिवालय में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की मुख्य समस्याओं को लेकर चर्चा की और उनको दूर करने के लिए जिला प्रशासन किस प्रकार कार्य कर सकता है इसके लिए भी रूपरेखा तैयार की गई। उपायुक्त ने शहर के सभी दुकानदारों को आह्वान किया कि किसी दुकानदार ने अगर अपनी दुकान के सामने अवैध रूप से पक्का कब्जा किया हुआ है या वह अवैध रूप से सामान रखता है तो वह इसको स्वयं हटवा लें अन्यथा जिला प्रशासन द्वारा इसको हटाने के लिए कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुकत हर्षित कुमार, एसएमडीए की अतिरिक्त सीईओ वीना हुड्डा, एसीपी जीत सिंह, एसएमडीए से डीटीपी नीलम शर्मा, पीडब्ल्यूडी से एक्सईएन प्रशांत कौशिक, बिजली विभाग से एक्सईएन अश्वनी कौशिक सहित संबंधित अधिकारी व शहर की सभी मार्केटों के प्रधान व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

### साढ़े 8 फीट जगह छोड़ लगेगी पीली लाइन

इस दौरान शहर स्थित कच्चे क्वार्टर, सेक्टर-14 व 15 मार्केट, गीता भवन चौक मार्केट, कपड़ा मार्केट के अलावा अन्य सभी मुख्य मार्केटों में लगने वाले जाम को दूर करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के बाद निष्कर्ष निकाला गया कि कच्चे क्वार्टर मार्केट में दुकानों के आगे दोनों तरफ साढे आठ फीट जगह छोडकर पीली लाईन लगाई जाए और दुकानदारों को निर्देश दिए जाए कि वे अपने सामान को पीली लाईन से आगे न लाएं। इसपर उपायुक्त ने तुरंत नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले 72 घण्टे में पीली लाईन लगवाना सुनिश्चित करें।

### सेक्टर-14 व 15 में कब्जे, होगी जांच

इस दौरान कुछ व्यापारिक संगठनों द्वारा बताया गया कि सेक्टर-14 व 15 में हाउसिंग बोर्ड के मकानों में लोगों द्वारा दुकानें निकाली गई है, जिसके कारण वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस पर उपायुक्त ने एचएसवीपी तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी मार्केटों में जांच कर ऐसे लोगों को चिनह्नित करें जिन्होंने या तो सरकारी जमीन में अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है या अपनी रजिस्ट्ररी से ज्यादा भूमि पर पर कब्जा किया हुआ है। इनको चिनह्नित कर ऐसे लोगों पर तुरंत सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### नंबर अनुसार खड़े किए जाएंगे ऑटो

बैठक में शिकायत मिली कि मामा-भांजा चौक पर बस स्टैण्ड से मामा-भांजा चौक तक एक साथ कई ऑटो खड़ी हो जाती है, जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसके कारण दुकानदारों के अलावा लोगों को भी आने जाने में परेशानी होती है। इसपर उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि यहां पर ऐसी व्यवस्था की जाए एक साथ नंबरानुसार केवल 04 से 05 ऑटो ही खड़े हो। उपायुक्त ने नगर निगम व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के कारण शहर की जो भी सडक़ खराब हुई है उसे चिनह्नित कर तुरंत ठीक करवाना सुनिश्चित करें।

# योग निद्रा उत्सव में देश-विदेश के साधकों ने लिया हिस्सा



गन्नौर। वैश्विक योग निद्रा उत्सव में योग निद्रा का अभ्यास करते साधक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

आनंदमूर्ति गुरुमां के सान्निध्य में ऋषि चैतन्य आश्रम द्वारा तृतीय वैश्विक योग निद्रा उत्सव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत के 50 से अधिक शहरों के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नेपाल, दुबई सहित अनेक देशों से हजारों साधकों ने विभिन्न केंद्रो पर योग निद्रा का अभ्यास किया। आनंदमूर्ति गुरुमां ने साधकों को समझाया कि योग निद्रा, जिसे योगिक नींद भी कहा जाता है, शरीर और मन को गहराई से विश्राम देने की प्राचीन विधि है।

### योग आंतरिक शांति का सशक्त साधन : महात्मा

*नियमित अभ्यास से तनाव, चिंता और अवसाद कम होते हैं तथा आत्मविश्वास और मानसिक शांति में वृद्धि होती है। योग निद्रा विश्वभर के लोगों के लिए स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का सशक्त साधन है। महात्मा हरिमिलन ने बताया कि गत शुक्रवार को ऋषि चैतन्य आश्रम में भी विशेष योग निद्रा सत्र आयोजित हुआ। इसमें पानीपत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।*

### सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता का पैमाना : सोनी



**गोहाना।** सीबीएसई के अंतर्गत रविवार को शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके कल्याण को लेकर विचारविमर्श किया गया और सुझाव दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की और मंच संचालन छात्रा शाखा प्रमुख मन्नू दूहन ने किया। मुख्य वक्ता शिक्षा भारती संस्था के निदेशक संजय सोनी ने कहा कि सफलता केवल अंकों से नहीं अपितु स्वस्थ मन और सकारात्मक दृष्टिकोण से तय होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, समयबद्धता, योग-ध्यान और सकारात्मक सोच जैसे व्यावहारिक उपायों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### इंडस्ट्री एरिया में रोपित किए 15 पौधे



**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से इंडस्ट्री एरिया में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना बेहद जरूरी है। अभियान के तहत फलदार और छायादार प्रजाति के जामुन व बेलगिरी के 15 पौधे लगाए गए। नरेंद्र हुड्डा ने सभी से आह्वान किया कि इस मुहिम को एक जनांदोलन का रूप दें ताकि धरती को हरियाली से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बिना पेड़-पौधों के धरती पर जीवन संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, प्रदीप गोयल, संदीप वत्स, सत्यवान और कमलेश चौहान मौजूद रहे।



गन्नौर। वित्तीय समावेशन शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

### सरकार की हर योजना की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाना बैंक का उद्देश्य

**गन्नौर।** सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की खेड़ी गुज्जर शाखा की ओर से जफरपुर गांव में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के डीजीएम टीसी मीणा मुख्य अतिथि रहे। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचित वर्ग तक किफायती और उपयोगी वित्तीय सेवाएं पहुंचाना है। इसके तहत बैंक खाते, बचत, ऋण और बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल बैंकिंग व ऐप्स से न केवल नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था डिजिटल रूप ले रही है, बल्कि इससे वित्तीय असमानता भी कम होगी। रोहतक क्षेत्रीय प्रमुख अजय दुआ ने वित्तीय समावेशन को आर्थिक सशक्तिकरण, जोखिम प्रबंधन और बचत-निवेश से जोड़ा। वहीं मुख्य प्रबंधक अनिल नेहरा ने कहा कि यह पहल लोगों को मुख्यधारा से जोड़ती है। खेडी गुज्जर शाखा प्रबंधक अरुण कुमार तहलान ने अतिथियों व ग्रामीणों का आभार जताया।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन 30 नवंबर को मनाएगा नेवी डे

**गन्नौर।** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक केडी नगर स्थित हाल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नायक सूबेदार ओमप्रकाश मलिक ने की तथा संचालन कैप्टन सतवीर सिंह दहिया ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 30 नवंबर को नेवी डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों की अधिकतम भागीदारी के लिए हर गांव से दो भूतपूर्व सैनिकों को जिम्मेदारी दी जाएगी। वे गांव-गांव जाकर सैनिकों व वीर नारियों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण देंगे। इस दौरान एक निश्शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

*शिविर में 57 युनिट युवाओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान*

# हमें समय-समय पर करते रहना चाहिए रक्तदान : पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

माँ भारती रक्तवाहिनी द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन बीसवामील निजी स्कूल में किया गया। रक्त संकलन के लिए सिविल हस्पताल सोनीपत की टीम रक्तदान शिविर शुरू में पहुंची। शिविर में कुल 57 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता पुनीत त्यागी पहुंचे और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। पुनीत राई ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसे कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता, यह हमारे दान करने से ही किसी जरूरतमंद को मिल पाता है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय-समय रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान शिविर में प्रशांत सरपंच सेवली, लाला सरपंच जाखौली, मनोज ढाका, जगदीश ढाका, धर्मसिंह त्यागी, अमित सहरावत, कुलदीप ढाका, राहुल ढाका, अनुराग, जगबीर ढाका, सतबीर सेवली, सुमेर सरोहा, रविन्द्र शर्मा, राहुल राणा, राहुल भारद्वाज, नरेश भारद्वाज, सतनारायण, विकास, सुधीर कुमासपुर व समिति प्रधान विपिन कुमार गौड़ आदि मौजूद थे।



राई। शिविर में विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता पुनीत त्यागी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**चर्चा** सेक्टर सात स्थित सामुदायिक भवन में भाईचारा सम्मेलन आयोजित

# अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति एवं जाट सेवा संघ द्वारा रविवार को सेक्टर सात स्थित सामुदायिक भवन में भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया गया। समिति के राष्ट्रीय संयोजक यशपाल मलिक ने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना समय की मांग है। उन्होंने किसान मसीहा दीनबंधु छोटूराम और चौ. चरण सिंह के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया और कहा कि कौम के लिए संघर्ष ही असली धर्म है। युवा समिति से जुडक़र जाट आरक्षण आंदोलन को मजबूती दें।




गोहाना। कार्यक्रम में मंच पर मौजूद समिति के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

**भाईचारा यात्रा के तीन उद्देश्य**

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने प्रदेशभर में भाईचारा यात्रा निकाली जा रही है जिसके तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। पहला समाज के आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई को मजबूती देना, दूसरा 36 बिरादरी में भाईचारा और संगठन को सुदृढ़ करना और तीसरा चौ. छोटूराम धाम जसिया के निर्माण कार्य को गति देना।

### छोटूराम धाम के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए

*राष्ट्रीय महासचिव आजाद लठवाल ने कहा कि अब समय आ गया है कि एक एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें। प्रदेश अध्यक्ष गंगाराम श्योराण ने कहा कि छोटूराम धाम के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। समिति में जिला अध्यक्ष के कार्य को देखते हुए उनको प्रदेश सचिव नियुक्त किया। वहीं उनकी जगह कप्तान चहल को सोनीपत का जिला अध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर सुमेर गहलोत, रोहतास हुड्डा, रणबीर कोच, सूरजमल जागलान, रमेश कुंडू, रोहताश बेनीवाल, बलराज सिंघवा, रामफल चहल, हिम्मत सिंह, कर्मवीर घणघस, मनु आंवली रहे।*

### इनेलो ने हमेशा कार्यकताओं को दिया सम्मान : बलवान

**खरखौदा।** रविवार को इनेलो कार्यकर्ताओं की एक बैठक खरखौदा के विश्राम गृह में हुई।इनेलो के हलका अध्यक्ष बलवान नंबरदार ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान 25 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली देवीलाल की जयंती को लेकर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की गई। सभी पदाधिकारियों से गाड़ियों को लेकर हर गांव से लिस्ट मांगी गई। बलवान नंबरदार ने कहा कि चौधरी देवीलाल व ओमप्रकाश चौटाला ने अपने शासनकाल में पार्टी कार्यकर्ताओं को भरपूर सम्मान दिया। यही कारण है कि इनेलो के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ मेहनत कर रहे हैं। जो सम्मान इनेलो ने पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया , वैसा सम्मान अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं को कभी नहीं मिला। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला उनके सम्मान में कोई कमी नहीं आने देंगे।